# Daily Current Affairs

Date : 27 December, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव - 2026 |
| 2. | AI टूल 'सभासार' में राजस्थान का प्रदर्शन |
| 3. | टीबी मुक्त भारत अभियान (राजस्थान के विशेष संदर्भ में) |
| 4. | राजस्थान का लोक नृत्य 'घूमर' विश्व रिकॉर्ड में शामिल |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. RIFF – 2026 की कल्चरल ब्रांड एंबेसेडर : राजस्थानी मधु<br>2. 'दुबई एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025' में राजस्थान का प्रदर्शन<br>3. अंतरराष्ट्रीय ऊँट महोत्सव – 2026<br>4. 'बीकाणा मुद्रा महोत्सव'<br>5. बीकानेर में कबीर वाटिका<br>6. जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय में इंटरनेशनल ओरिएंटेशन मीटिंग<br>7. ग्रामीण पर्यटन व मॉडल टूरिस्ट विलेज |
| 6. | मानव-वन्यजीव संघर्ष |
| 7. | मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) |
| 8. | ऑपरेशन हॉकआई स्ट्राइक |
| 9. | सोमालीलैंड |
| 10. | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) |
| 11. | पीएम-सेतु (PM-SETU) |
| 12. | प्रधानमंत्री विकास योजना |
| 13. | भारत का विनिर्माण क्षेत्रक |
| 14. | स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती (1856 – 1926) |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 15. | बिस्वा बंधु सेन |
| 16. | वीर बाल दिवस एवं प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2025 |
| 17. | सुशासन सप्ताह (19 से 25 दिसंबर): 'प्रशासन गाँव की ओर' अभियान |
| 18. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. तंजावुर पेंटिंग<br>2. आकाश-एनजी के मूल्यांकन परीक्षण<br>3. धनु यात्रा<br>4. डायरेक्ट फायरिंग साइट नेविगेशन सिस्टम<br>5. कंपोजिट लीडिंग इंडिकेटर (CLI)<br>6. मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री: नजीब रजाक<br>7. किशमिश अनुसंधान केन्द्र |

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव - 2026

### चर्चा में क्यों?

- 26 दिसंबर, 2025 को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जोधपुर में 'पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव-2026' का उद्घाटन किया।




### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन स्थल :** रामलीला मैदान, जोधपुर।
- **आयोजन अवधि :** 26 दिसंबर, 2025 से 4 जनवरी, 2026 तक।
- **नोडल एजेंसी :** लघु उद्योग भारती।
- **आयोजक :** लघु उद्योग भारती जोधपुर प्रांत, जिला प्रशासन, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र जोधपुर और उद्यम प्रोत्साहन संस्थान।
- **संस्करण :** 35वाँ।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **उद्देश्य :** स्थानीय उद्योगों, कारीगरों व हस्तशिल्प को मंच प्रदान कर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त करना।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

- **राजस्थान MSMEs नीति- 2024 :** 8 दिसम्बर, 2024 को राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित की गई।
- **हैंडीक्राफ्ट और फर्नीचर पार्क :** जोधपुर के बोरानाड़ा में।
- **सिरेमिक जोन :** चित्तौड़गढ़ और बीकानेर में।
- राजस्थान सरकार द्वारा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही है, जिनमें 'बुनकर पुरस्कार योजना', 'बाजार सहायता योजना' एवं 'चर्म प्रशिक्षण योजना' आदि शामिल है।
- **'माटी का लाल' पुरस्कार :** राजस्थान की उत्कृष्ट संस्कृति को माटी कला के द्वारा पूरे देश व विश्व में ख्याति दिलाने के लिए माटी कलाकारों की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए 'श्रीयादे माटी कला बोर्ड' द्वारा 'माटी का लाल' राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह आयोजित किया जाएगा।
- **विश्वकर्मा योजना :** राज्य में विश्वकर्मा योजना के तहत दिसंबर, 2025 तक 54,202 लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराया गया। कारपेंटर, मूर्तिकार, कुम्हार, राजमिस्त्री सहित 18 ट्रेड्स के दस्तकारों को 5 प्रतिशत ब्याज पर ऋण के साथ 2 प्रतिशत अतिरिक्त अनुदान दिया जा रहा है।
- **एकीकृत क्लस्टर विकास योजना :** 8 दिसंबर, 2024 को प्रारम्भ की गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य राजस्थान में हस्तशिल्प, हथकरघा और MSMEs क्लस्टरों की उत्पादकता, गुणवत्ता और दक्षता को बढ़ाना है। यह योजना 31 मार्च, 2029 तक प्रभावी रहेगी, जिसमें प्रारंभिक लक्ष्य 15 क्लस्टरों को विकसित करने का रखा गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# AI टूल 'सभासार' में राजस्थान का प्रदर्शन

## चर्चा में क्यों?

- 14 अगस्त, 2025 को पंचायती राज मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए एआई-सक्षम वॉयस-टू-टेक्स्ट मीटिंग सारांश टूल 'सभासार' में दिसंबर, 2025 तक राजस्थान ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 12वाँ स्थान प्राप्त किया।




## मुख्य बिन्दु:

- **सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला ज़िला :** बाँसवाड़ा (417 में से 267 ग्राम पंचायतों ने इस प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग किया।)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इस पहल के तहत राजस्थान की 11,206 ग्राम पंचायतों में से 1,500 ने इस प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग किया ।
- 'सभासार' सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लिए उपलब्ध है और ग्राम पंचायतें, ग्रामसभा और पंचायत बैठकों के लिए इसे अपनाया जा रहा है।
- सभासार के प्रायोगिक चरण के तहत, त्रिपुरा की सभी 1,194 ग्राम पंचायतों को 15 अगस्त, 2025 को आयोजित विशेष ग्राम सभाओं के लिए इसका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया था।


UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# टीबी मुक्त भारत अभियान (राजस्थान के विशेष संदर्भ में)

## चर्चा में क्यों?

- 25 दिसंबर, 2025 से 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत राजस्थान में 'सक्रिय क्षय रोग खोज' (ACF) अभियान का दूसरा चरण प्रारम्भ किया गया।




## मुख्य बिन्दु:

- **अभियान का आयोजक :** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग।
- **अवधि :** 25 दिसंबर, 2025 से 15 जनवरी, 2026 तक।
- **अभियान का मुख्य उद्देश्य :** ट्यूबरकुलोसिस (TB) के छिपे हुए मामलों की शीघ्र पहचान कर समय पर उपचार उपलब्ध कराना।
- अभियान के अंतर्गत PLHIV (People Living with HIV), मधुमेह रोगी, 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग, कुपोषित व्यक्ति, धूम्रपान/मद्यपान करने वाले, प्रवासी श्रमिक, आदिवासी समुदाय, पूर्व टीबी रोगी और खनन एवं निर्माण स्थलों, जेलों तथा शहरी झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत वर्ष 2024 में राजस्थान की 3,355 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है, जबकि वर्ष 2023 में यह संख्या 586 थी।
- राजस्थान ने 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान' के तहत वर्ष 2024-25 में 100 दिवसीय कैम्पेन में देशभर में तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- 19 सितम्बर, 2025 को राजस्थान में क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन के प्रयासों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) समाधान का राज्य स्तरीय शुभारंभ किया गया।
- **पायलट प्रोजेक्ट :** कोटा संभाग (कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़) में।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

- **विश्व तपेदिक दिवस :** प्रति वर्ष 24 मार्च को विश्व तपेदिक दिवस (World Tuberculosis Day) मनाया जाता है।
- **वर्ष 2025 की विषयवस्तु (Theme) :** "हाँ! हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं: प्रतिबद्ध, निवेश, वितरण (Yes! We Can End TB: Commit, Invest, Deliver)
- **भारत का TB उन्मूलन लक्ष्य :** भारत में 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत वर्ष 2025 तक देश से टीबी को पूर्णरूप से समाप्त करने का लक्ष्य है। विश्वस्तर पर यह लक्ष्य 2030 तक का है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान का लोक नृत्य ‘घूमर’ विश्व रिकॉर्ड में शामिल

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, चित्तौड़गढ़ के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 15,000 से ज़्यादा महिलाओं और बालिकाओं ने सामूहिक घूमर नृत्य कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

## मुख्य बिन्दु:

- इससे पूर्व यह वर्ल्ड रिकॉर्ड सूरत के नाम था जहाँ 12,000 महिलाओं ने एकसाथ घूमर नृत्य की प्रस्तुति दी थी।
- **आयोजन :** इंदिरा गाँधी स्टेडियम, चित्तौड़गढ़।
- **नोट : घूमर महोत्सव (प्रथम संस्करण) :** 19 नवंबर, 2025 को राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा 7 संभागों में आयोजन।
- इस महोत्सव में 6100 से अधिक महिलाओं ने सामूहिक रूप से घूमर नृत्य किया, जिसने एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:-**

**घूमर नृत्य (राजस्थान का राज्य नृत्य)**

- राजस्थान के ‘लोकनृत्यों का सिरमौर’ कहलाता है।
- इस नृत्य को ‘राजस्थान की आत्मा’ कहा जाता है।
- केवल महिलाओं द्वारा किया जाने वाला नृत्य है। आठ चरणों को ‘सवाई’ कहा जाता है।
- गणगौर घूमर नृत्य अकादमी की स्थापना वर्ष 1986 में राजमाता गोवर्धन कुमारी द्वारा की गई थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# Daily Current Affairs

Date : 27 December, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>न्यूज़</th></tr>
<tr><td>1.</td><td>

**RIFF – 2026 की कल्चरल ब्रांड एंबेसेडर : राजस्थानी मधु**




- **मायूमी उर्फ राजस्थानी मधु को वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (RIFF) की कल्चरल ब्रांड एंबेसेडर बनाया गया है।**
- **'राजस्थानी मधु' के नाम से प्रसिद्ध मायूमी, टोक्यो (जापान) की निवासी हैं, जिनका वर्ष 2009 में पहली बार राजस्थानी लोक संस्कृति से परिचय हुआ। उन्होंने राजस्थान के विख्यात कलाकारों, विशेष रूप से आशा सपेरा से प्रशिक्षण प्राप्त किया है।**
- **RIFF-2026 : 31 जनवरी से 4 फरवरी, 2026 तक मिराज सिनेमा, जोधपुर में आयोजित होगा।**
- **थीम : 'सिनेमास्थान - आपका लेंस, हमारा राजस्थान'।**

</td></tr>
</table>



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

2. **'दुबई एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025' में राजस्थान का प्रदर्शन**




- एशियन यूथ पैरा गेम्स (AYPG) 2025 में भारत 102 पदकों के साथ पदक तालिका में 7वें स्थान पर रहा, जिसमें 36 स्वर्ण, 28 रजत और 38 कांस्य पदक शामिल हैं।
- **आयोजन :** 7 से 14 दिसंबर, 2025 तक दुबई, संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में।
- राजस्थान के एथलीटों ने 2 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक सहित कुल 6 पदक जीते।
- **विकसित कुमार :** (F37 कैटेगरी) भाला फेंक में स्वर्ण पदक, तस्तरी फेंक में रजत पदक।
- **हेमंत मीणा :** 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक।
- **प्रवीण कुमार :** (F-11 कैटेगरी) गोला फेंक में स्वर्ण पदक, तस्तरी फेंक में रजत पदक तथा भाला फेंक में कांस्य पदक।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. | **अंतरराष्ट्रीय ऊँट महोत्सव – 2026**<br><br>■ हाल ही में, केंद्रीय कला एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बीकानेर में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय ऊँट महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया।<br>■ बीकानेर में प्रति वर्ष अंतरराष्ट्रीय ऊँट महोत्सव का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2026 के अंतरराष्ट्रीय ऊँट महोत्सव का आयोजन 9 से 11 जनवरी, 2026 तक किया जाएगा।<br>■ **राज्य पशु :** ऊँट आबादी के संरक्षण, संवर्द्धन और अवैध शिकार की रोकथाम के उद्देश्य से राजस्थान सरकार द्वारा वर्ष 2014 में ऊँट को आधिकारिक रूप से राज्य पशु घोषित किया गया। |
| 4. | **'बीकाणा मुद्रा महोत्सव'**<br>■ **आयोजन :** 26 से 28 दिसंबर, 2025 तक बीकानेर में।<br>■ इस उत्सव में दुर्लभ सिक्के, नोट और डाक टिकटों की प्रदर्शनी व खरीद-बिक्री हुई। |
| 5. | **बीकानेर में कबीर वाटिका**<br>■ जयपुर स्थित सेंट्रल पार्क की तर्ज पर बीकानेर में 'कबीर वाटिका' का निर्माण किया जा रहा है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 6. | **जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय में इंटरनेशनल ओरिएंटेशन मीटिंग**<br>■ हाल ही में, एग्रोफॉरेस्ट्री (कृषि वानिकी) के क्षेत्र में अनुसंधान एवं प्रसार गतिविधियों को वैश्विक स्तर पर सशक्त बनाने के उद्देश्य से कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर में इंटरनेशनल ओरिएंटेशन मीटिंग का आयोजन किया गया।<br>■ इस मीटिंग में पेनसिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी के वन संसाधन विभाग के प्रोफेसर माइकल जैकबसन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। |
| 7. | **ग्रामीण पर्यटन व मॉडल टूरिस्ट विलेज**<br>■ आभानेरी (दौसा) में ग्रामीण पर्यटन व मॉडल टूरिस्ट विलेज हेतु कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 5 गाँवों के लिए संस्कृति पोर्टल प्रस्तावित किया गया है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## मानव-वन्यजीव संघर्ष

### चर्चा में क्यों?

- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने चीता परियोजना के विस्तार का मूल्यांकन किया और मानव-वन्यजीव संघर्ष से निपटने के उपायों की समीक्षा की।

### मुख्य बिन्दु:

#### मानव-वन्यजीव संघर्ष (एचडब्ल्यूसी)

- मानव एवं वन्य जीवों के बीच नकारात्मक अंत:क्रिया से तात्पर्य मनुष्यों और वन्य जीवों के बीच होने वाली ऐसी परस्पर क्रिया से है, जिसके परिणामस्वरूप मानव जीवन, फसल, पशुधन और अन्य संपत्तियों को चोट लगने या नुकसान होने जैसे प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं , और साथ ही वन्य जीवों और/या उनके आवासों पर भी समान रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं ।

#### मानव-वन्यजीव संघर्ष में वृद्धि के कारण

- विकृत पर्यावास, कुछ जानवरों की आबादी में वृद्धि, मानवीय गतिविधियाँ, पारिस्थितिक असंतुलन आदि।

#### सरकार द्वारा उठाए गए कदम

- **भारत की राष्ट्रीय वन्यजीव कार्य योजना (2017-2035):** यह वन्यजीव संरक्षण के लिए भारत के दीर्घकालिक रणनीतिक रोडमैप के रूप में कार्य करती है।
- **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972:** यह भारत में पशुओं के संरक्षण और सुरक्षा के लिए नियम और विनियम निर्धारित करता है।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **संरक्षित क्षेत्र और अभयारण्य:** यहाँ 107 राष्ट्रीय उद्यान, 573 वन्यजीव अभयारण्य और 115 संरक्षण अभयारण्य हैं।
- **प्लान बी:** इसे पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) द्वारा अपनाया गया है , जो हाथियों को रेलवे ट्रैक से दूर रखने का एक अनूठा तरीका है और हाथियों के जीवन को बचाने के लिए इसे पूरे देश में लागू करने की योजना बनाई जा रही है।
- **ऑपरेशन थंडरबर्ड:** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो (डब्ल्यूसीसीबी) ने भारत में वन्यजीव अपराधों से लड़ने के लिए एक समन्वित अभियान चलाया।
- **प्रजाति-विशिष्ट संरक्षण कार्यक्रम:** प्रोजेक्ट टाइगर, प्रोजेक्ट एलिफेंट आदि राष्ट्रीय पहल हैं जो प्रतिष्ठित प्रजातियों पर केंद्रित हैं, जिनमें पर्यावास संरक्षण और अवैध शिकार विरोधी उपाय शामिल हैं।
- **हाथियों के अवैध शिकार की निगरानी (MIKE):** इसकी स्थापना 1997 में लुप्तप्राय वन्य जीवों और वनस्पतियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर सम्मेलन (CITES) द्वारा पक्षकारों के दसवें सम्मेलन में की गई थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# मातृ मृत्यु दर (एमएमआर)

## चर्चा में क्यों?

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल ही में कहा कि देश में संस्थागत प्रसव की दर बढ़कर 89% हो गई है, जिसके परिणामस्वरूप मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) में उल्लेखनीय कमी आई है।


## मुख्य बिन्दु:

### मातृ मृत्यु दर क्या है?

- मातृ मृत्यु किसी महिला की गर्भावस्था के दौरान या गर्भावस्था समाप्त होने के 42 दिनों के भीतर होने वाली मृत्यु है, चाहे स्थान कुछ भी हो, और यह मृत्यु गर्भावस्था या उसके प्रबंधन से संबंधित किसी भी कारण से हो सकती है, लेकिन आकस्मिक या संयोगवश कारणों से नहीं।
- मातृ मृत्यु दर (MMR) प्रति 1,00,000 जीवित जन्मों पर होने वाली मातृ मृत्यु की संख्या है।
- **मातृ मृत्यु दर:** इसकी गणना 15-49 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं में प्रति लाख महिलाओं पर होने वाली मातृ मृत्यु के रूप में की जाती है, जो नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) के तहत दर्ज की जाती है।
- सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 3.1 का उद्देश्य 2030 तक वैश्विक मातृ मृत्यु दर को प्रति 1,00,000 जीवित जन्मों पर 70 से कम करना है।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## भारत द्वारा की गई प्रगति






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- भारत में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) 2014-16 में प्रति 100,000 जीवित जन्मों पर 130 से घटकर 2018-20 में प्रति 100,000 जीवित जन्मों पर 97 हो गई।
- राष्ट्रीय स्तर पर संस्थागत प्रसवों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो 2015-16 में 79% से बढ़कर 2019-21 में 89% हो गई है।
- केरल, गोवा, लक्षद्वीप, पुडुचेरी और तमिलनाडु में संस्थागत प्रसव 100% है और अन्य अठारह राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में यह 90% से अधिक है।
- ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगभग 87% प्रसव संस्थानों में होते हैं, जबकि 94% प्रसव शहरी क्षेत्रों में होते हैं।


UTKARSH CIVIL SERVICES





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## ऑपरेशन हॉकआई स्ट्राइक

### चर्चा में क्यों?

- अमेरिकी सेना ने सीरिया में इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया के लड़ाकों, बुनियादी ढांचे और हथियार स्थलों को नष्ट करने के लिए 'ऑपरेशन हॉकआई स्ट्राइक' शुरू किया।

### मुख्य बिन्दु:

- यह अभियान सीरिया के मध्य शहर पल्मायरा में अमेरिकी और सीरियाई बलों के काफिले पर संदिग्ध इस्लामिक स्टेट के हमलावर द्वारा किए गए हमले के कुछ दिनों बाद हुआ है।
- जिन अमेरिकी कर्मियों को निशाना बनाया गया, वे ऑपरेशन इनहेरेंट रिजॉल्व का समर्थन कर रहे थे, जो आईएस से लड़ने का अंतरराष्ट्रीय प्रयास है, जिसने 2014 में सीरिया और इराक के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया था।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सोमालीलैंड

## चर्चा में क्यों?

- इजराइल, सोमालिया के अलग हुए क्षेत्र सोमालीलैंड को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में औपचारिक मान्यता देने वाला पहला देश बन गया है।

## मुख्य बिन्दु:

- यह आधिकारिक रूप से हॉर्न ऑफ अफ्रीका में विश्व का सबसे बड़ा गैर मान्यता प्राप्त राज्य है।
- **स्थापना:** वर्ष 1884 में ब्रिटिशों ने एक संरक्षित राज्य ब्रिटिश सोमालीलैंड के रूप में की थी।
- **स्वतंत्रता:** वर्ष 1960 में संरक्षित राज्य ब्रिटेन से स्वतंत्र हो गया तथा इसे सोमालीलैंड राज्य कहा गया।
- वर्ष 1991 में सोमाली गृह युद्ध के पश्चात् इसका नाम "रिपब्लिक ऑफ सोमालीलैंड" रखा गया।
- **अवस्थिति:** अदन की खाड़ी के दक्षिणी तट, उत्तर पूर्व में जिबूती, दक्षिणी-पश्चिम में इथियोपिया तथा पूर्व में सोमालिया।
- **राजधानी:** हर्गेइसा (वाणिज्यिक राजधानी: बरबेरा)
- **भाषाएँ:** सोमाली, अरबी, अंग्रेजी।
- **बरबेरा बंदरगाह:** सोमालिया के उत्तरी तट, अदन की खाड़ी के दक्षिण-पूर्वी छोर पर स्थित है।
- **सोमालीलैंड के वर्तमान राष्ट्रपति:** अब्दिरहमान मोहम्मद


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई)

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) की 25वीं वर्षगांठ मनाई गई।

### मुख्य बिन्दु:

#### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई)

- इसे वर्ष 2000 में, असंबद्ध ग्रामीण बस्तियों को हर मौसम में सड़क संपर्क प्रदान करने के लिए शुरू किया गया था।

#### उद्देश्य

- इसका उद्देश्य जनसंख्या सीमा वाले आवासों तक हर मौसम में पहुंच सुनिश्चित करना है।
- इसका उद्देश्य स्कूलों, स्वास्थ्य सेवाओं और बाजारों तक पहुंच को सुगम बनाना है।
- इसका उद्देश्य निर्माण और रखरखाव के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है।
- इसका उद्देश्य अलगाव को कम करना और आय के अवसरों में सुधार करना है।

#### चरण

- **प्रथम चरण:** देशभर में कुल 1,63,339 ग्रामीण बस्तियों के लिए सड़क संपर्क परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।
- **चरण – II (2013):** इसका उद्देश्य मौजूदा ग्रामीण सड़क नेटवर्क को मजबूत और सुदृढ़ करना था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इसमें ग्रामीण बाजारों, विकास केंद्रों और सेवा केंद्रों को जोड़ने वाले आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण मार्गों के उन्नयन को प्राथमिकता दी गई, जिसका उद्देश्य परिवहन दक्षता में सुधार करना और ग्रामीण आर्थिक विकास को गति देना था।
- 2016 में शुरू की गई, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों (आरसीपीएलडब्ल्यूईए) के लिए सड़क संपर्क परियोजना, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक लक्षित हस्तक्षेप है, जिसमें नौ राज्यों - आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश के 44 सबसे गंभीर रूप से प्रभावित वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) जिलों और आसपास के क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

- **चरण III (2019 )** में ग्रामीण बस्तियों और प्रमुख सामाजिक-आर्थिक संस्थानों, जिनमें ग्रामीण कृषि बाजार (ग्राम), उच्च माध्यमिक विद्यालय और स्वास्थ्य सुविधाएं शामिल हैं, के बीच संपर्क को मजबूत करने के लिए 1,25,000 किलोमीटर के मुख्य मार्गों और प्रमुख ग्रामीण संपर्कों के उन्नयन पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
- **चरण IV (2024):** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) के चौथे चरण का उद्देश्य जनगणना 2011 की जनसंख्या के मानदंडों के आधार पर 25,000 ऐसे ग्रामीण बस्तियों को हर मौसम में सड़क संपर्क प्रदान करना है, जो अभी तक सड़क संपर्क से वंचित हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पीएम-सेतु (PM-SETU)

## चर्चा में क्यों?

- कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने PM-SETU योजना में भाग लेने के लिए उद्योगों को आमंत्रित किया।

## मुख्य बिन्दु:

- **PM-SETU योजना:** प्रधान मंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड ITIs.
- **प्रकार:** केंद्र प्रायोजित योजना
- **मंत्रालय:** कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

### योजना के दो मुख्य घटक

- **घटक-I:** 'हब-एंड-स्पोक' क्लस्टर मॉडल में 1,000 ITIs का उन्नयन करना।
- **घटक-II:** पांच राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थाओं (NSTIs) की क्षमता बढ़ाना और उनमें पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (NCOEs) की स्थापना करना।
- **उन्नत ITIs का प्रबंधन:** इनका प्रबंधन एक स्पेशल पर्पज व्हीकल (SPV) साझेदारी द्वारा किया जाएगा। इसमें 51% हिस्सेदारी उद्योग जगत के दिग्गजों की और 49% हिस्सेदारी सरकार की होगी।
- **वित्तीय सहायता:** इस योजना के लिए केंद्रीय हिस्से के 50% तक का सह-वित्तपोषण एशियाई विकास बैंक (ADB) और विश्व बैंक द्वारा किया जा रहा है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# प्रधानमंत्री विकास योजना

## चर्चा में क्यों?

- अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (NIFTEM) कुंडली को 'PM विकास' योजना के कार्यान्वयन हेतु परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी (PIA) के रूप में चुना है।

## मुख्य बिन्दु:

- इस संबंध में संस्थान ने 22 दिसंबर, 2025 को नई दिल्ली में मंत्रालय के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- इस परियोजना के तहत् अल्पसंख्यक समुदायों के कुल 2110 लाभार्थियों को 3 श्रेणियों बहु कुशल तकनीशियन (खाद्य प्रसंस्करण), खाद्य उत्पाद प्रसंस्करण और सहायक बेकिंग तकनीशियन के अंतर्गत NIFTEM के चार राज्यों (झारखंड, पंजाब, बिहार और हरियाणा) के 7 स्थानों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- **उद्देश्य:** अल्पसंख्यक समुदायों की रोजगार क्षमता को बढ़ाना और उन्हें आर्थिक मुख्यधारा में एकीकृत करने के लिए बाजार और ऋण संपर्क प्रदान करके बेहतर आजीविका के अवसर पैदा करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## भारत का विनिर्माण क्षेत्रक

### चर्चा में क्यों?

- भारत की विकास गाथा चीन और दक्षिण कोरिया जैसे देशों से बिल्कुल अलग है, क्योंकि भारत का विनिर्माण क्षेत्रक संरचनात्मक परिवर्तन के एक मजबूत चालक के रूप में उभरने में विफल रहा है।

### मुख्य बिन्दु:

- भारत के विनिर्माण क्षेत्रक में ठहराव को 'डच डिजीज' (Dutch disease) के नजरिए से भी समझा जा सकता है, जहां सार्वजनिक क्षेत्रक में बढ़ते वेतन ने औद्योगिक प्रतिस्पर्धा को प्रभावित किया है।
- **डच डिजीज:** यह एक आर्थिक स्थिति है, जहां प्राकृतिक संसाधनों में उछाल के कारण विनिर्माण और अन्य व्यापार योग्य क्षेत्रक कमजोर हो जाते हैं। इससे वि-औद्योगिकीकरण होने लगता है।

#### भारत का विनिर्माण क्षेत्रक

- **जीडीपी में योगदान:** भारत की जीडीपी में विनिर्माण का योगदान लगभग 17% है, जबकि चीन (25-29%), दक्षिण कोरिया (27%) और वियतनाम (24%) में यह काफी अधिक है।
- **रोजगार:** भारत में कार्यबल का केवल 11.4% विनिर्माण क्षेत्रक में संलग्न है, जबकि कृषि में 45% और सेवा क्षेत्रक में लगभग 29% लोग कार्यरत हैं।

#### विनिर्माण क्षेत्रक में ठहराव के लिए उत्तरदायी अन्य कारक

- **अनौपचारिकता और कम उत्पादकता:** रोजगार का एक बड़ा हिस्सा अनौपचारिक है। इससे प्रशिक्षण, तकनीक के प्रसार, गुणवत्ता सुधार तथा स्थिर औद्योगिक संबंधों में बाधा आती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **प्रतिस्पर्धी बनने की क्षमता का अभाव:** औद्योगिक परिदृश्य में सूक्ष्म उद्यमों की अधिकता है। ऐसे उद्यमों में वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने के लिए आवश्यक आर्थिक व तकनीकी क्षमता का अभाव होता है।
- **विकास के भिन्न मॉडल:** भारत ने मुख्य रूप से उपभोग-आधारित विकास मॉडल अपनाया है, जबकि चीन ने निवेश और निर्यात-आधारित विकास मॉडल का पालन किया है।
- **अन्य कारक:** सीमित स्वचालन और तकनीक को अपनाने में कमी, नवाचार और उत्पादकता में कमी, उच्च लॉजिस्टिक्स लागत आदि।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती (1856 – 1926)

### चर्चा में क्यों?

- केंद्रीय गृह मंत्री ने स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती के बलिदान दिवस (पुण्यतिथि) पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मुख्य बिन्दु:

**स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती**

- **जन्म:** उनका जन्म पंजाब के जालंधर जिले के तलवां गाँव में हुआ था।
- **परिचय:** उन्हें महात्मा मुंशी राम विज के नाम से भी जाना जाता था। वे एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और आर्य समाज के संन्यासी थे।

**प्रमुख योगदान**

- **शिक्षा:** वर्ष 1902 में इन्होंने हरिद्वार के निकट कांगड़ी में एक गुरुकुल की स्थापना की थी। इसे अब गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के रूप में जाना जाता है।
- **समाज सुधार:** इन्होंने 1920 के दशक में हिंदू सुधार आंदोलन, शुद्धि (पुनः धर्म परिवर्तन) आंदोलन आदि में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
- **स्वतंत्रता संग्राम:** इन्होंने ब्रिटिश विरोधी प्रदर्शनों, जैसे- रौलेट सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन आदि में सक्रिय रूप से भाग लिया था।
- 23 दिसंबर 1926 को दिल्ली में इनकी हत्या कर दी गई थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# बिस्वा बंधु सेन

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, त्रिपुरा विधानसभा अध्यक्ष बिस्वा बंधु सेन का पद पर रहते हुए निधन हो गया।

## मुख्य बिन्दु:

- 24 मार्च, 2023 को त्रिपुरा विधानसभा अध्यक्ष का पद संभाला था।
- वह धर्म नगर (त्रिपुरा) विधानसभा सीट से 4 बार विधायक रह चुके हैं।
- वर्ष 2017 में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए।
- वर्ष 2018 से 2023 तक त्रिपुरा विधानसभा के उपाध्यक्ष रहे।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## वीर बाल दिवस एवं प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2025

### चर्चा में क्यों?

- प्रतिवर्ष 26 दिसम्बर को गुरु गोविंद सिंह के पुत्र जोरावर सिंह व फतेह सिंह की शहादत में बाल दिवस आयोजित किया जाता है।

### मुख्य बिन्दु:

- **शहादत:** 26 दिसम्बर, 1704 को सरहिंद (फतेहगढ़ साहिब, पंजाब) में।
- **प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2025:-** भारत मंडपम, नई दिल्ली।
- **स्थापना:** वर्ष 2018 में बाल शक्ति पुरस्कार और बाल कल्याण पुरस्कार को समाहित कर।
- **प्रदानकर्त्ता:** राष्ट्रपति (महिला एवं बाल विकास मंत्रालय)।
- **पात्रता:**
  - बच्चे की आयु 5 से 18 वर्ष के मध्य।
  - भारत का नागरिक हो।
- **श्रेणियाँ:** वीरता, सामाजिक, सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं सांस्कृतिक तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी।
- **पुरस्कारों की संख्या:** प्रतिवर्ष अधिकतम 25 पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।
- वर्ष 2025 में 20 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया गया।

| वीरता | | |
|---|---|---|
| क्र.सं. | विजेता | संबंधित राज्य |
| 1. | व्योमा प्रिया (मरणोपरान्त) | कोयंबटूर, तमिलनाडु |
| 2. | कमलेश कुमार (मरणोपरान्त) | कैमूर, बिहार |
| 3. | मुहम्मद सिदान पी | पलक्कड़, केरल |
| 4. | अजय राज | आगरा, उत्तर प्रदेश |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| कला व संस्कृति | | |
|---|---|---|
| क्र.सं. | विजेता | संबंधित राज्य |
| 5. | एस्थर लालदुहावमी हनामटे (देशभक्ति गीत) | लुंगलेई, मिजोरम |
| 6. | सुमन सरकार (तबला वादक) | नादिया, पश्चिम बंगाल |

| समाज सेवा | | | |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | विजेता | संबंधित राज्य | योगदान |
| 7. | श्वान सिंह | फिरोजपुर, पंजाब | ऑपरेशन सिंदूर के दौरान फ्रंटलाइन सैनिकों को सपोर्ट किया। |
| 8. | वंश तायल | चंडीगढ़ | बच्चों के पुनर्वास के लिए समर्पित। |

| पर्यावरण | | | |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | विजेता | संबंधित राज्य | योगदान |
| 9. | पूजा | बाराबंकी, उत्तर प्रदेश | खेती की धूल व हवा के प्रदूषण को कम करने के लिए इनोवेटिव मशीन बनाई। |

| विज्ञान और प्रौद्योगिकी | | | |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | विजेता | संबंधित राज्य | योगदान |
| 10. | आइशी प्रिशा बोराह | जोरहाट, असम | सस्टेनेबिलिटी से प्रेरित तथा नेचूरल फार्मिंग और इनोवेटिव मल्चिंग तकनीको जैसे इको-फ्रेंडली तरीकों को बढ़ावा देती है। |
| 11. | अर्णव अनुप्रिया महर्षि | ओरंगाबाद, महाराष्ट्र | हाथ के पैरालिसिस के लिए AI बेस्ड रिहैबिलिटेशन टूल बनाया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| खेल | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | विजेता | राज्य | खेल | अन्य विवरण |
| 12. | शिवानी होसुरु उप्पारा | आंध्र प्रदेश | पैरा एथलीट शॉटपूटव भाला फेंक | – |
| 13. | वैभव सूर्यवंशी | बिहार | क्रिकेट | सबसे कम उम्र का IPL खिलाड़ी और लीग में सबसे तेज़ भारतीय शतक बनाया। |
| 14. | योगिता मंडावी | छत्तीसगढ़ | जूडो | खेलो इंडिया जूडोका |
| 15. | वाका लक्ष्मी प्रग्निका | गुजरात | शतरंज | अंडर-7 विश्व चैंपियन |
| 16. | ज्योति | हरियाणा | पैरा एथलीट | - |
| 17. | अनुष्का कुमार | झारखंड | फुटबॉल | भारतीय अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम की खिलाड़ी। |
| 18. | धिनिधि देसिंगु | कर्नाटक | तैराक | पेरिस, 2024 ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने वाली सबसे कम उम्र के भारतीयों में से एक। |
| 19. | ज्योशना सबर | ओडिशा | वेटलिफ्टर | यूथ एशियन रिकॉर्ड व अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता |
| 20. | विश्वनाथ कार्तिकेय पदकांति | तेलंगाना | पर्वतारोही | माउंट एवरेस्ट को फतह किया।<br>सेवन समिट्स चैलेंज पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का व्यक्ति बन गया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## सुशासन सप्ताह (19 से 25 दिसंबर): 'प्रशासन गाँव की ओर' अभियान

### चर्चा में क्यों?

- भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेय की जयंती (25 दिसंबर) के उपलक्ष्य में 19 से 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जाता है।

### मुख्य बिन्दु:

**प्रशासन गाँव की ओर अभियान:**

- **परिचय:** शासन के 'नागरिक केन्द्रित' मॉडल पर आधारित जन शिकायतों के समाधान और सेवा वितरण में सुधार के लिए तहसील स्तर पर चौथा राष्ट्रीय अभियान है।
- **आयोजक:** प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (DARPG)
- **आयोजन:** 19 से 25 दिसंबर, 2025 तक सभी 36 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में जिला एवं तहसील स्तर पर।

**25 दिसंबर, 2025 को राष्ट्रीय कार्यशाला के परिणाम:**

- **3 रिपोर्ट/संकलन का विमोचन:** विशेष अभियान 5.0 मूल्यांकन रिपोर्ट, CPGRAMS की वार्षिक रिपोर्ट, पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण संबंधी दिशा-निर्देशों का संकलन।

**4 ई- गर्वेनस पहलों की शुरुआत:**

- AI आधारित भर्ती नियम जनरेटर टूल निर्देशित इनपुट
- E-HRMS 2.0 मोबाइल एप्लिकेशन (मिशन कर्मयोगी के तहत)
- IGOT कर्मयोगी पोर्टल
- कर्मयोगी डिजिटल लर्निंग लैब 2.0


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अतिरिक्त जानकारी:

### सुशासन:

- **परिभाषा:** यूनेस्केप के अनुसार 'शासन' निर्णय लेने की प्रक्रिया और निर्णयों को लागू करने या ना करने का तरीका है, जबकि सुशासन विकास के लिए सार्वजनिक हित में आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक संसाधनों के प्रबंधन हेतु शक्ति का प्रभावी, निष्पक्ष और जवाबदेह प्रयोग को संदर्भित करता है।

**विधि का शासन + पारदर्शिता + जवाबदेहीता = सुशासन**

**संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक के अनुसार सुशासन की विशेषताएँ: 8 स्तंभ**

1. **सहभागिता:** महिलाएँ व हाशिए पर खड़े समूहों की भागीदारी।
2. **कानून का शासन:** निष्पक्ष, तटस्थ कानूनों का क्रियान्वयन + स्वतंत्र न्यायपालिका।
3. **तत्परता:** सही समय पर प्रभावी सेवा वितरण।
4. **पारदर्शिता:** सूचना की स्वतंत्रता।
5. **आम सहमति/सर्वसम्मति:** सामूहिक कल्याण हेतु विभिन्न हितों के मध्यस्था करना।
6. **समानता और समावेशिता:** समान अवसर।
7. **प्रभावशीलता और दक्षता:** संसाधनों का प्रभावी उपयोग।
8. **जवाबदेही:** सरकार, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज की उत्तरदायित्व।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **तंजावुर पेंटिंग**<br>■ डाक विभाग ने बेंगलुरु से अयोध्या तक भगवान श्री राम की एक अमूल्य तंजावुर शैली की पेंटिंग को सफलतापूर्वक पहुंचाया।<br>**तंजावुर पेंटिंग**<br>■ तंजावुर चित्रकला (जिसे तंजोर चित्रकला भी कहा जाता है) एक शास्त्रीय दक्षिण भारतीय चित्रकला शैली है जो अपने समृद्ध रंगों, सतह पर उभरी हुई कलाकृतियों और सोने की पन्नी के व्यापक उपयोग के लिए जानी जाती है।<br>■ इसका विकास नायका और मराठा शासनकाल (16वीं-18वीं शताब्दी) के दौरान तंजावुर में हुआ था।<br>■ इसे भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग भी प्राप्त हो चुका है। |
| 2. | **आकाश-एनजी के मूल्यांकन परीक्षण**<br>■ रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने अगली पीढ़ी की आकाश मिसाइल (आकाश-एनजी) प्रणाली के उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षण (यूईटी) को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है ।<br>**आकाश-एनजी**<br>■ आकाश-एनजी एक सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एसएएम) प्रणाली है।<br>■ यह स्वदेशी रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर से सुसज्जित है और सॉलिड रॉकेट मोटर द्वारा संचालित है।<br>■ यह विभिन्न प्रकार के हवाई खतरों के खिलाफ हवाई रक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक शक्तिशाली प्रणाली है। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 3. | **धनु यात्रा**<br>■ हाल ही में ओडिशा के बारगढ़ में 'धनु यात्रा' का उद्घाटन किया गया।<br>**धनु यात्रा**<br>■ यह दुनिया का सबसे बड़ा ओपन-एयर थिएटर है और यह ओडिशा और उससे बाहर के हजारों दर्शकों को आकर्षित करता है।<br>■ यह ग्यारह दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक आयोजन है जो पौराणिक कथाओं, परंपरा और प्रदर्शन को एक अनूठे उत्सव में एक साथ लाता है।<br>■ केंद्र सरकार ने 'धनु यात्रा' को राष्ट्रीय महोत्सव का दर्जा दिया है। |
| 4. | **डायरेक्ट फायरिंग साइट नेविगेशन सिस्टम**<br>■ भारत और फ्रांस ने भारत में डायरेक्ट फायरिंग साइट नेविगेशन सिस्टम के संयुक्त उत्पादन के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।<br>**इस प्रणाली में निम्नलिखित घटक शामिल हैं:**<br>■ **SIGMA 30N नेविगेशन सिस्टम:** यह GPS के बिना स्वायत्त तोपखाने (आर्टिलरी) संचालन को सक्षम बनाता है।<br>■ **CM3-MR डायरेक्ट फायरिंग साइट:** इसे तोपखाने की दक्षता और ड्रोन-रोधी सटीकता बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। |
| 5. | **कंपोजिट लीडिंग इंडिकेटर (CLI)**<br>■ हाल ही में, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में भारत के लिए सकल मूल्य वर्धित (GVA)- विनिर्माण हेतु प्रस्तावित कंपोजिट लीडिंग इंडिकेटर (CLI) की उपयोगिता को रेखांकित किया गया है।<br>**GVA के लिए कंपोजिट लीडिंग इंडिकेटर (CLI)**<br>■ **आवृत्ति:** त्रैमासिक।<br>■ **उद्देश्य:** विनिर्माण क्षेत्रक के 'व्यापार चक्र' में होने वाले बदलावों का पहले से अनुमान लगाना और अल्पकालिक आर्थिक आकलन को मजबूत करना। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 6. | **मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री: नजीब रजाक**<br>■ मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजाक को कुआलालंपुर उच्च न्यायालय ने मलेशिया विकास बरहद घोटाले में सत्ता के दुरूपयोग और धन शोषण के आरोप में दोषी ठहराया। |
| 7. | **किशमिश अनुसंधान केन्द्र**<br>■ **स्थापना:** सांगली, महाराष्ट्र<br>■ **अधीन:** शिवा जी यूनिवर्सिटी, कोल्हापुर<br>■ **उद्देश्य:** किशमिश की किस्मों पर शोध करना, निर्यात् वृद्धि और किसानों की आय में वृद्धि करना। |

UTKARSH CIVIL SERVICES



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR